हादसा

आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव रखकर किया चक्काजाम, जेई को निलंबित करने की मांग

करंट से किसान की मौत, विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप

नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद थाना अंतर्गत पथराड़ी पिपरिया गांव में सोमवार को एक किसान की खेत में काम करते समय बिजली के तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय आनंद कुमार पटेल के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बहोरीबंद बस स्टैंड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दिलदार डाबर को तत्काल निलंबित करने और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। करीब दो घंटे तक चला विरोध प्रदर्शन तब समाप्त हुआ जब बिजली विभाग के डीई विपिन सिंह मौके पर पहुंचे और बिजली व्यवस्था को सुधारने व दोषी अधिकारी को हटाने का आश्वासन दिया।

आनंद कुमार पटेल सोमवार शाम खेत में कार्य कर रहे थे, तभी वे खेत के समीप लटक रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गए। करंट लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि झूलती तारों की शिकायत कई बार बिजली कंपनी और सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई थी, लेकिन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। विभागीय लापरवाही की कीमत एक किसान को जान गंवाकर चुकानी पड़ी।

बहोरीबंद, बाकल सहित कई क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर रहवासी इलाकों में खुले में रखे गए हैं। इनमें आए दिन विस्फोट होते रहते हैं और कटआउट्स व खुली तारें झूलती रहती हैं, जो आमजन खासकर बच्चों और पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने जल्द संरक्षा उपाय और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की, तो आगामी समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मामले में विद्युत विभाग की जानलेवा लापरवाही उजागर हुई है।

परिजनों का कहना है कि झूलती तारों की समस्या का निराकरण करने के लिए कई बार विद्युत विभाग में शिकायत की गई थी, लेकिन सुधार कार्य नहीं कराया गया। परिजनों ने यह भी बताया कि सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत कर समस्या का समाधान करने की मांग की गई, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ है, समस्या जस की तस बनी रही है, परिजनों ने इस मामले में दोषी अधिकारियों को हटाने की मांग की है, जिस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

कलेक्टर के नाम पर फर्जी फेसबुक अकाउंट

पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत, जांच शुरू

नवभारत कटनी। सोशल मीडिया पर एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है, जो खुद को कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव आईएएस बताकर लोगों से संपर्क कर रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को जानकारी देते हुए साइबर सेल के माध्यम से नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने कहा है। कलेक्टर ने फर्जी फेसबुक अकाउंट से जनता को सतर्क और सावधान रहने की बात कही है। कलेक्टर ने बताया कि मेरे नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी ने यह फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। यह आईडी पूरी तरह से फर्जी है और इसके माध्यम से ठगी की भी कोशिश की जा सकती है। आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कलेक्टर ने लोगों से कहा है कि इस फर्जी अकाउंट से भेजी गई फ्रेंड रिक्वेस्ट को कदापि स्वीकार नहीं करें और किसी भी प्रकार के लेन-देन में शामिल नहीं हों। पुलिस विभाग के साइबर सेल ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के नाम से बनीं फर्ज़ी फेसबुक अकाउंट को हटाने के लिए फेसबुक के कैलीफोर्निया यूएसए स्थित कार्यालय से पत्राचार किया है। आपको बता दें कि फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाना एक गंभीर अपराध है और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है। आईटी एक्ट की धारा के तहत इस अपराध में दोषी पाए जाने पर आरोपी को जेल की सजा हो सकती है।

एक नजर में

दो उर्वरक विक्रय संचालकों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत, कटनी। अमानक खाद, बीज विक्रेताओं और दर सूची, स्कंध की उपलब्धता का बोर्ड नहीं लगाए जाने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में बरही तहसील के दो उर्वरक विक्रय संस्थानों कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। कार्रवाई उर्वरक गुण नियंत्रण निरीक्षण दल द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक मनीष मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बरही स्थित मेसर्स मंजा बीज भंडार और मेसर्स खेतीबाड़ी बीज भंडार द्वारा मूल्य सूची, स्कंध और विक्रय दर का बोर्ड नहीं पाया गया। आदेश का उल्लंघन करने पर दोनों विक्रय संस्थानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर उर्वरक निरीक्षक की अनुशंसा सहित स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ऐसा नहीं करने पर विक्रय संस्थानों के विक्रय प्राधिकार पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा।

उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

नवभारत, कटनी। उर्वरक विक्रेता के खिलाफ बरही पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिना प्राधिकार पत्र के उर्वरक का क्रय-विक्रय और भंडारण करने पर हथेड़ा बरही निवासी रामप्रसाद साहू के खिलाफ बरही पुलिस थाने की खितौली पुलिस चौकी में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर विकासखंड बड़वारा के उर्वरक निरीक्षक जेएस टेकाम द्वारा प्राप्त आवेदन के बाद की गई है। उर्वरक निरीक्षक जेएस टेकाम द्वारा निरीक्षण के दौरान रामप्रसाद साहू के दो-मंजिला गोडाउन में बिना उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र के 6 बोरी एपीसी अमोनिया फोस्फेट सल्फेट, 2 बोरी यूरिया इफ्को, 6 बोरी डीएपी इफ्को, 2 बोरी एमओपी गणेश फर्टिलाइजर लिमिटेड, 7 बोरी टीएसपी सीताकांडी विनेस सेंटर अन्ना सफाई चेन्नई, 2 बोरी एसएसपी अन्नदाता, 9 पैकेट एनएफएल बेंटोनाइट सल्फर (5 किग्रा पैकिंग), 6 पैकेट बिरला बलवान सल्फर (5 किग्रा पैकिंग) कुल 40 नग का अवैध भंडारण और विक्रय करना पाया गया।

62 लीटर शराब सहित पुलिस ने युवक को पकड़ा

बिलहरी चौकी पुलिस ने घुघरा फायरिंग रेंज से किया गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कुठला थाने की बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र के घुघरा फायरिंग रेंज से पुलिस ने एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से पुलिस ने 62 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 28 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि बिहलरी चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की फायरिंग रेंज घुघरा में एक एक व्यक्ति अत्यधिक मात्रा में शराब लेकर बेचने के लिए खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस टीम को दबिश के लिए भेजा गया। जहां पर फायरिंग रेंज घुघरा में झाड़ियां के पास एक व्यक्ति हाथ में मटमैले रंग का थैला और दूसरे हाथ में काले कलर का पिट्ठू बैग लेकर खड़ा दिखा। पुलिस को आता देख युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। युवक के पास मिले थैले की तलाशी लेने पर उसके अंदर से काफी मात्रा में शराब मिली। पुलिस ने युवक से करीब 62 लीटर देसी शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 28 हजार 5 सौ रूपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पकड़ा गया आरोपी बरखेड़ा गांव निवासी प्रमोद उर्फ लाल सिंह पिता राजेन्द्र सिंह है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

शराब की अवैध तस्करी मामले में दो मैनेजर भी बने आरोपी

कुठला पुलिस ने जब्त की चार लाख 25 हजार की शराब

नवभारत बरही। जिले कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा ब्रिज के पास से जब्त की गई लगभग 4 लाख 2500 रूपए की शराब जब्ती के मामले में लायसेंसी शराब दुकान के दो मैनेजरों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में पुलिस की राडार में शराब दुकान ठेकेदार भी आ रहा हैं। सूत्रों की मानें तो जल्द ही उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है, फिलहाल मामले की विवेचना की जा रही है। जानकारी के अनुसार शराब दुकान के जिन मैनेजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें झल्ला और मामा नामक मैनेजर का नाम शामिल है।

गौरतलब है कि कुठला थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में 17 जुलाई की रात में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर एक पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई थी, तलाशी के दौरान पिकअप से 75 कार्टूनों में भरी 1980 पाव देशी, लाल प्लेन मसाला शराब कुल 11,340 लीटर और एक पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मिली थी। जिसकी कीमत 4 लाख 25 सौ रूपए आंकी गई थी। इस मामले में पुलिस ने माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव निवासी मन्नू उर्फ मनोरंजन बर्मन, हाउसिंग बोर्ड निवासी अनमोल विश्वकर्मा और रामकिशन कोरी को शराब तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपियों ने पूछताछ में यह जानकारी दी थी कि किस दुकान से इतनी अधिक मात्रा में शराब खरीदी गई है, जिसके बाद पुलिस ने लायसेंसी शराब दुकान के दो मैनेजरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद से ही दोनो मैनेजर फरार हो गए हैं।

हरदा में राजपूत छात्रावास में लाठी चार्ज से करणी सेना में आक्रोश

कलेक्टर, एसपी को हटाने के लिए सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश के हरदा में रापजूत समाज करणी सेना और राजपूत छात्रावास में घुसकर पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में मंलगवार को करणी सोना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने हरदा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कार्रवाई किए जाने, जांच पूरी होने तक हरदा के पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर सहित थाना प्रभारी को प्रशासनिक दायित्वों से हटाने, राजपूत भाईयों पर हमला करने वाले पुलिस कर्मियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने, हमला करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने, निर्दोष व्यक्तियों पर लगाए गए मामलों को वापस लिए जाने सहित अन्य मांगे शामिल है। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान काफी संख्य में करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सुरक्षा के मद्देनजर काफी संख्या मं पुलिस बल भी तैनात किा गया था।

पहले वेतन कांटें, सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्त कर दें

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

नवभारत, कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम डैशबोर्ड, सीएम मॉनिट, समय-सीमा पत्रों, मूंग और उड़द खरीदी की समीक्षा करते हुए विभागों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग सीएम मॉनिट से प्राप्त शिकायतों पर जल्द कार्रवाई का प्रतिवेदन दें। वहीं सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत केपीआई स्कोर की समीक्षा के दौरान उन्होंने वेटनरी, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग का स्कोर कम होने पर इन विभागों को स्कोर में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी मैदानी विभागों को निर्देशित किया कि सप्ताह में कम से कम 1 दिन फील्ड पर अवश्य जाएं। ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का सही आकलन हो सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि 21 दिन से कम खुलने वाली आंगनबाड़ी सहायिका का वेतन काटें और कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति की भी कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कचनारी लोक सुनवाई में अनुपस्थित रहने, छात्रावासों में 100 प्रतिशत नामांकन पूरा नहीं होने और धरती आबा अभियान की विस्तृत जानकारी नहीं देने पर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया की लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रिटायर्ड आंगनबाड़ी सहायिकाओं की लॉगिन आईडी बंद नहीं करने, सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं की नई लॉगिन आईडी नहीं बनाने पर संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पांडेय को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मंग और उड़द के उपार्जन की समीक्षा के दौरान कृषि विभाग, सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों को प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों से बात कर उपार्जन में आ रही समस्याओं की जानकारी लें और इन समस्याओं का समाधान करें। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की भी सेवाए लें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को शिकायतों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बी ग्रेड वाली तहसीलों बड़वारा, स्लीमनाबाद और बहोरीबंद को राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों का नियमानुसार निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में स्टेट ऐवरेज से कम स्कोर होने पर स्वास्थ्य विभाग को और गंभीर होकर पूरी प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग को भी निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में अभी सुधार की काफी संभावना है। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों में 100 प्रतिशत नामांकन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक आदिम जाति कल्याण विभाग को छात्रावासों में जल्द ही शत-प्रतिशत सीटों में नामांकन पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर आस-पास के छात्र-छात्राओं का नामांकन करवाएं।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने ग्राम कांटी, बचैया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग, महिला और बाल विकास विभाग, भू-अभिलेख, एमपीईबी, वेटनरी, पीएचई, जल संसाधन विभाग, पीडब्ल्यूडी की बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली बहना, रजिस्ट्री, सीमांकन, अवैध अतिक्रमण, फौती नामांतरण, राशन पर्ची से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए इन शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

चोरी की शिकायत पर नहीं दर्ज की गई एफआईआर

बरही थाना क्षेत्र का मामला खेत से चोरी गया पंप

नवभारत बरही। जिले के बरही थाना क्षेत्र के सिमरिया सानी गांव निवासी एक महिला के बरहा हार स्थित खेत से सबमर्सिबल पंप और पाइप चोरी होने के मामले में शिकायत के बावजूद पुलिस ने चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है, बल्कि पीड़ित से आवेदन पत्र लिया गया है। जबकि चोरी की वारदात में पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक एक ओर जहां पुलिस की कार्यप्रणाली का संवेदनशील बनाने के प्रयास में लगे हुए हैं, थानों में फरियादियों से क्यूआर कोड के माध्यम से फीडबैक भरवाकर पुलिस की रैंकिंग तय किए जाने के दावों के बीच चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज करने की बजाय पुलिस थाने में आवेदन लेना ही शुरूआती लापरवाही और चोरी की वारदात प्रति उदासीनता प्रदर्शित करना उजागर करता है।

बरही थाना क्षेत्र के सिमरिया सानी गांव निवासी अजीत सिंह बुंदेला ने बताया कि बरहा हार से उनके खेत से 20 जुलाई 2025 को उनके खेत से सबमर्सिबल पंप, 120 केबिल और 100 फीट पाइप अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था, चोरी की सूचना उनके द्वारा बरही थाने में 21 जुलाई को दी गई, लेकिन बरही थाने में चोरी की एफआईआर दर्ज करने की बजाय आवेदन लिया गया। चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। साथ ही अब चोरों के संबंध में कोई जानकारी भी नहीं मिली है। चोरी के मामले में एफआईआ नहीं होने से आरोपियों के पकड़ने की संभावना भी कम हो जाती है, एफआईआर दर्ज नहीं करने से मामले की समीक्षा नहीं होती है, मामलाा सरकारी रिकार्ड में दिखाई ही नहीं देता है, जिसके कारण पुलिस को चोरी के आरोपियों को पकड़ने का दबाव भी नहीं रहता है।

रोजगार मेला 30 को

नवभारत कटनी। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बुधवार 30 जुलाई को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसिशिप मेला का जिला स्तरीय आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया गया है यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार और उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी।

बैठक

महापौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई सामान्य प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

अधिकारियों के कार्यालय के बाहर चस्पा करें उनके कर्तव्य और दात्यिवों की जानकारी

नवभारत, कटनी। नगर निगम कार्यालय में महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में पूर्व बैठकों के कार्रवाई विवरण और विभागीय कार्यों के सफल संचालन के लिए दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर महापौर द्वारा निगम के कार्यों और व्यवस्थाओं के कुशल संचालन के लिए नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर द्वारा बैठक के दौरान नगर निगम कार्यालय के माध्यम से दी जाने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी, उसका लाभ प्राप्त करने के लिए लगने वाले दस्तावेज, कक्षों के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के नंबर और अधिकारियों के नाम की सूची का बोर्ड नगर निगम कार्यालय के सार्वजनिक स्थल में लगाने के साथ ही अधिकारियों कर्मचारियों के कार्य दायित्व की जानकारी उनके कक्ष के बाहर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर निगम में स्वीकृत पदों की पूर्ति करने के लिए शासन से आवश्यक पत्राचार करने, अन्य विभागों में कार्यरत निगम के कर्मचारियों को वापस निगम कार्यालय बुलाने, निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के ड्रेस कोड लागू करने, न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर जल्द कार्रवाई करने, शासकीय योजनाओं का नगर के सार्वजनिक स्थलों में प्रचार- प्रसार कराने, जनप्रतिनिधि प्रकोष्ठ के पत्राचारों पर समय-सीमा में कार्रवाई करने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान समिति द्वारा इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालन करने, नामकरण संबंधी प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई करने, निगम कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में आने वाले हितग्राहियों के लिए बैठक व्यवस्था किए जाने, निगम कार्यालय की अनुपयोगी सामग्री की नियमानुसार नीलामी किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं समिति द्वारा पारित निर्णयों पर समय पर कार्रवाई नहीं करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्डधारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111